प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

12.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि एस जे वी एन ने देश को विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे 1500 मेगावाट क्षमता की नाथपा झाकड़ी जलविद्युत परियोजना स्थल का दौरा करने बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये लाभ अर्जित करने वाले कुछ प्रमुख संगठनों में से एक है और केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। राज्यपाल ने इस जल विद्युत परियोजना को इंजीनियरिंग का एक अदभुत उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार सिरमौर जिला के गिरिपार जनजातीय मामले को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री देर शाम अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले की सांस्कृतिक संध्या के दौरान बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले को लेकर आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखेगी ताकि ये मुददा सिरे चढ़ सके। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही विकासात्मक कार्यों को तरजीह दी है इस दौरान उन्होंने भाजपा को कई मुददों पर भी घेरा।

सांस्कृतिक संध्या

इस बीच अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्या से पूर्व महानाटी का आयोजन किया गया जिसमें सिरमौर जिले की समृद्व लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशेष तौर पर मौजूद रहे। महानाटी का आयोजन पदमश्री अवार्डी विद्यानंद सरैक व लोकगायक जोगिंद्र हब्बी की अगुवाई में किया गया। विद्यानंद सरैक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां समृद्व संस्कृति की झलक देखने को मिलती है वहीं लोक संस्कृति को बढ़ावा भी मिलता है। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या के दौरान चार राज्यों के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा। सांसद सुरेश कश्यप व पूर्व भाजपा मंत्री व विधायक सुखराम चौधरी भी इस दौरान मौजूद रहे।

वीरेंद्र कंवर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास हिमाचल को आगे ले जाने के लिए कोई विजन नहीं है। उना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद से ही कांग्रेस सरकार लोगों पर टैक्स थोप रही है। वीरेन्द्र कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री साल 2032 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का ढिंढोरा पीट रहे लेकिन 2 साल में जनता को दी गई गारंटियां भी पूरी नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भाजपा सरकारों के समय

प्रदेश की आय बढ़ाने के लिए कई कार्य किये गए थे लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में लोककल्याण की योजनाएं तक हांफ चुकी हैं।

<u>शहीद</u>

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के विशेष बल के जवान नायब सूबेदार राकेश कुमार का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनक पैतृक गांव बरनोग में अंतिम संस्कार होगा। मंडी जिला से संबंध रखने वाले शहीद राकेश कुमार की पार्थिव देह फिलहाल मेडिकल कॉलेज नेरचौक रखी गई है। शहीद राकेश कुमार को अंतिम विदाई देने के लिए मंडी प्रशासन मौजूद रहेगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व अन्य नेताओं ने राकेश कुमार की शहादत पर श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में करीब दो साल बाद अक्तूबर व नवंबर माह में कम बारिश होने से सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। अक्तूबर माह से बीते कल तक राज्य में सामान्य से 98 फीसदी कम बारिश हुई है जिसके चलते किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं और गेहूं की बिजाई पर भी असर पड़ा है। हालांकि बीते कल प्रदेश की ऊची चोटियों पर हलके हिमपात भी हुआ है। शुष्क मौसम और कोहरे के बढ़ते प्रभाव से न्यूतनम तापमान में लगातार गिरावट जारी है जिससे सुबह–शाम की ठंड में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग ने 15 व 16 नवंबर को मध्य व उच्च पर्वतीय आठ जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने मैदानी जिलों में 15 नवंबर तक घने कोहरे का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने श्री रेणुकाजी और लवी मेले की खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

**अमर उजाला** की सुर्खी है **सिरमौर में रेणुका, रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला शुरू। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **शोभायात्रा के साथ अंतर्राष्ट्रीय रेणुका जी मेले का शुभारंभ।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **रेणुकाजी और लवी मेले में झलकी हिमाचली परपंराओं की शान–ओ–शौकत। हिमाचल दस्तक** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है **प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही सरकार।**

हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** व **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **वनरक्षकों को दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करते ही करें नियमित।**

**आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल के कई जिलों में 15 तक कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी।**